
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें





teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org


2024

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 30 मई

1. **हिन्दी पत्रकारिता दिवस–** 30 मई, 1826 ई. को हिन्दी भाषा का पहला समाचार पत्र 'उदन्त मार्तण्ड' निकला था। उदन्त मार्तण्ड का अर्थ है– 'समाचार–सूर्य'। कोलकाता के अमर तल्ला लेन, कोलूटोला से प्रकाशित इस साप्ताहिक पत्रिका के संपादक पंडित जुगल किशोर शुक्ल थे। यह साप्ताहिक अखबार हर हफ्ते मंगलवार को पाठकों तक पहुँचता था। इसी की स्मृति में प्रतिवर्ष 30 मई को हिन्दी पत्रकारिता दिवस मनाते हैं। हालांकि पैसों की तंगी की वजह से 'उदन्त मार्तण्ड' का प्रकाशन ज्यादा दिनों तक नहीं हो सका और दिसम्बर 1827 ई. में इसका प्रकाशन बंद हो गया। इस अखबार के पहली अंक की 500 प्रतियां छपी थी लेकिन पर्याप्त हिन्दी भाषी पाठक नहीं मिल पाये। दूसरी बात यह कि हिन्दी भाषी पाठकों के लिए दूर–दूर तक डाक से इस अखबार को भेजा जाता था। जिससे इसका खर्च बढ़ जाता था। पंडित जुगल किशोर ने सरकार से डाक दरों में रियायत की मांग की लेकिन ब्रिटिश सरकार ने उनके अनुरोध को अस्वीकृत कर दिया।

2. **गोवा का गठन–** भारत के स्वतंत्र होने के पश्चात् भी गोवा पर पुर्तगालियों का अधिकार रहा। अंततः 19 दिसम्बर, 1961 ई. को गोवा को पुर्तगालियों के कब्जे से मुक्त करा लिया गया। बाद में दमन और दीव को मिलाकर इसे भारत का केन्द्रशासित प्रदेश बनाया गया। 30 मई, 1987 ई. को गोवा को पूर्ण राज्य (25वाँ) का दर्जा दिया गया तथा दमन और दीव के अलग केन्द्रशासित प्रदेश बना दिया गया।
   - **संदर्भः अतीत से वर्तमान भाग 3, अध्याय 13** में 'राज्यों के पुनर्गठन' से जोड़कर बच्चों को बतायें।

3. **क्रिप्टॉन तत्व की खोज–** ब्रिटिश भौतिक रसायनज्ञ सर विलियम रामसे और मॉरिस एम. ट्रेवर्स द्वारा ने 30 मई, 1898 ई. को क्रिप्टॉन नामक तत्व की खोज की थी। क्रिप्टॉन (Kr) एक नोबेल गैस है जिसका परमाणु क्रमांक 36 है।




Thursday



Madhu priya

# दिवस विशेष

30 मई

मधु प्रिया


## हिन्दी पत्रकारिता दिवस 30 मई




भारत में प्रकाशित होने वाला पहला हिन्दी भाषा का अखबार, उदंत मार्तंड (द राइजिंग सन), 30 मई 1826 को शुरू हुआ। इस दिन को "हिन्दी पत्रकारिता दिवस" के रूप में मनाया जाता है, क्योंकि इसने हिन्दी भाषा में पत्रकारिता की शुरुआत को चिह्नित किया था।हिन्दी पत्रकारिता दिवस 30 मई को मनाया जाता है। इसी तिथि को पण्डित युगुल किशोर शुक्ल ने 1826 में प्रथम हिन्दी समाचार पत्र उदन्त मार्तण्ड का प्रकाशन आरम्भ किया था।हिन्दी अखबार उदन्त मार्तण्ड के प्रकाशित होने से 46 साल पहले सन 1780 में एक अंग्रेजी अखबार छपना शुरू हुआ था। 29 जनवरी 1780 में एक आयरिश नागरिक जेम्स आगस्टस हिकी कलकत्ता शहर से ही 'कलकत्ता जनरल एडवर्टाइजर' नाम से एक अंग्रेजी अखबार का प्रकाशन शुरू किया था।यह भारतीय उपमहाद्वीप का पहला अखबार था। इसके प्रकाशन के साढ़े चार दशक बाद उदन्त मार्तण्ड नाम से पहला हिंदी अखबार प्रकाशित हुआ था। इन बीच अन्य भारतीय भाषाओं के अखबारों का प्रकाशन शुरू हो चुका था।हिंदी पत्रकारिता दिवस हर साल 30 मई को मनाया जाता है। दरअसल इसे मनाने की वजह यह है कि इसी दिन साल 1826 में हिंदी भाषा का पहला अखबार 'उदन्त मार्तण्ड' प्रकाशित होना शुरू हुआ था। इसका प्रकाशन तत्कालीन कलकत्ता शहर से किया जाता था और पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने इसे शुरू किया था। शुक्ल स्वयं ही इसके प्रकाशक और संपादक थे। मूल रूप से कानपुर के रहने वाले जुगल किशोर शुक्ल वकील भी थे।

# पुण्यतिथि विशेष 30 मई

राकेश कुमार




**गुरु अर्जन देव** *Guru Arjan Dev*, जन्म: 15 अप्रैल, सन 1563; मृत्यु: 30 मई, 1606) सिक्खों के पाँचवें गुरु थे। ये 1 सितम्बर, 1581 ई. में गद्दी पर बैठे। गुरु अर्जन देव का कई दृष्टियों से सिक्ख गुरुओं में विशिष्ट स्थान है। 'गुरु ग्रंथ साहब' आज जिस रूप में उपलब्ध है, उसका संपादन इन्होंने ही किया था। गुरु अर्जन देव सिक्खों के परम पूज्य चौथे गुरु रामदास के पुत्र थे। गुरु नानक से लेकर गुरु रामदास तक के चार गुरुओं की वाणी के साथ-साथ उस समय के अन्य संत महात्माओं की वाणी को भी इन्होंने 'गुरु ग्रंथ साहब' में स्थान दिया।

# Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 30.05.2024

## भाषा अर्जन और भाषा अधिगम

**भाषा अधिगम और भाषा अर्जित करने में मुख्य अंतर का आधार भाषा परिवेश है। भाषा अर्जन समृद्ध भाषिक परिवेश में स्वभाविक रुप से होता है, जबकि भाषा अधिगम के लिए नियमबद्ध, सुसंगठित भाषिक परिवेश का निर्माण किया जाता है। भाषा-अर्जन: भाषा अर्जन की प्रक्रिया एक सहज, स्वाभाविक, और अनौपचारिक प्रक्रिया है।**

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



जापान के टोटोरी में रात के समय आकाश में 9 प्रकाश स्तंभों यानी खंभे के समान दिखाई देने वाली 9 रोशनियों को देखा गया। वहां के आवासीय लोगों का मानना है की यह प्रकाश एलियन (Alien) से जुड़ा हुआ है।

ज्ञानी पण्डित

# गोवा राज्य



Church of the holy Spirit



Betim Gurudwara

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



Bhagwati Temple Pernem



Kasarpal Kalika Devi Temple

30 मई 1987

# गोवा राज्य स्थापना दिवस

समस्त राज्यवासियों को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

Madhu priya

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 402

**स्वतंत्र भारत की प्रथम बहुउद्देशीय परियोजना कौन हैं?**

A.भाखड़ा नांगल परियोजन

B.सरदार सरोवर परियोजना

C.दामोदर घाटी परियोजना

D. हीराकुंड बांध परियोजना



www.teachersofbihar.org

सही उत्तर: C

# TOB

राकेश कुमार


# खेल कॉर्नर

## जिम्नास्टिक

**दीपा करमाकर ने एशियन चैंपियनशिप में जीता गोल्ड: एशिया में सोना लाने वाली पहली भारतीय जिम्नास्ट, टूर्नामेंट इतिहास में दूसरी बार मेडल हासिल किया**



दीपा करमाकर एशियन चैंपियनशिप में जीतने वाली पहली भारतीय जिम्नास्ट बनी। रविवार को ताशकंद में एशियाई विमेंस आर्टिस्टिक जिमनास्टिक चैंपियनशिप में करमाकर ने गोल्ड मेडल हासिल किया। करमाकर किसी एशियन जिम्नास्टिक इवेंट में गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय जिम्नास्ट बनी है।


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
30 मई
हिंदी
पत्रकारिता
दिवस
स्वतंत्र, निष्पक्ष और साहसिक पत्रकारिता के बल पर ही एक सशक्त राष्ट्र निर्माण की कल्पना को साकार रूप दिया जा सकता है ।
हिंदी पत्रकारिता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं।
Madhu priya
www.teacherofbihar.org

**30 मई 2024**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

कोई तुम्हें कमजोर समझे इससे पहले

तुम्हें शिक्षा का महत्व समझना होगा।

**सावित्री बाई फूले**



राकेश कुमार